Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 जून, 2021

पी. साईनाथ

भारत के वरिष्ठ पत्रकार और ‘पीपल्स आर्काइव ऑफ रूरल इंडिया’ के संस्थापक संपादक ‘पी. साईनाथ’ को वर्ष 2021 के जापान के प्रतिष्ठित ‘फुकुओका ग्रैंड पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया है। फुकुओका पुरस्कार समिति के मुताबिक, पी. साईनाथ एक प्रतिबद्ध पत्रकार हैं, जिन्होंने भारत में गरीब और कृषि आश्रित गाँवों की रिपोर्टिंग की और ऐसे क्षेत्रों के निवासियों की जीवनशैली की वास्तविकता को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया। विदित हो कि पी. साईनाथ का जन्म चेन्नई में हुआ था और वह ‘द हिंदू’ अखबार के संपादक एवं राजनीतिक पत्रिका ‘ब्लिट्ज़’ के उप-संपादक के रूप में कार्य कर चुके हैं। पी. साईनाथ को वर्ष 1995 में पत्रकारिता के लिये यूरोपीय आयोग के ‘लोरेंजो नताली पुरस्कार’ और वर्ष 2000 में ‘एमनेस्टी इंटरनेशनल ग्लोबल ह्यूमन राइट्स जर्नलिज़्म पुरस्कार’ से भी सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें वर्ष 2007 में एशियाई पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु ‘रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड’ से भी सम्मानित किया गया था। जापान के ‘फुकुओका सिटी इंटरनेशनल फाउंडेशन’ द्वारा स्थापित यह पुरस्कार एशियाई संस्कृति के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य एशियाई संस्कृतियों के मूल्यों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और एक ऐसी नींव स्थापित करना है, जिससे एशियाई लोग सीख सकें और एक-दूसरे के साथ साझा कर सकें। यह पुरस्कार मुख्यतः तीन श्रेणियों- ग्रैंड प्राइज़, अकादमिक प्राइज़ और आर्ट एंड कल्चर प्राइज़ में प्रदान किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस

क्षुद्रग्रहों, उनके कारण उत्पन्न संभावित खतरों और उनके अध्ययन से ज्ञात वैज्ञानिक रहस्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 30 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त अभियान के रूप में ‘अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस’ का आयोजन किया जाता है। साथ ही यह दिवस आम जनमानस को क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने के लिये प्रेरित करता है। इस वर्ष का ‘अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस’ साइबेरिया में तुंगुस्का नदी के पास हुई सबसे बड़ी ‘क्षुद्रग्रह घटना’ की 113वीं वर्षगाँठ का प्रतीक है। दिसंबर 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने प्रतिवर्ष 30 जून को ‘अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस’ के रूप में आयोजित करने के लिये एक प्रस्ताव को अपनाया था, जिसका उद्देश्य साइबेरिया में हुई ‘तुंगुस्का घटना’ को प्रतिवर्ष याद करना था। विदित हो कि क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करने वाले छोटे चट्टानी पदार्थ होते हैं। क्षुद्रग्रह द्वारा सूर्य की परिक्रमा ग्रहों के समान ही की जाती है लेकिन इनका आकार ग्रहों की तुलना में बहुत छोटा होता है। इन्हें लघु ग्रह भी कहा जाता है। नासा के अनुसार, ज्ञात क्षुद्रग्रहों की संख्या तकरीबन 1,097,106 है, जिनका निर्माण 4.6 अरब वर्ष पूर्व सौरमंडल के निर्माण के समय हुआ था।

'काला अमरूद'

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर के वैज्ञानिकों ने अमरूद की एक अनोखी किस्म 'काला अमरूद' विकसित किया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, खनिज और विटामिन पाया जाता है। अमरूद की इस अनोखी किस्म को तीन वर्ष से अधिक के अनुसंधान के बाद विकसित किया गया है और इसके आकार, सुगंध व लंबे समय तक टिकाऊ रहने के लिये कुछ सुधार के बाद जल्द ही व्यावसायिक खेती के लिये प्रयोग किया जा सकेगा। वैज्ञानिक इस अमरूद की गुणवत्ता में और सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे यह कई गुना पोषण क्षमता प्राप्त सकेगा और इसके वाणिज्यिक उत्पादन एवं निर्यात की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि ‘काले अमरूद’ की यह विशेष किस्म अगस्त के अंत या सितंबर की शुरुआत तक पूरी तरह से पक जाएगी। अमरूद की यह अनूठी किस्म अपने एंटी-एजिंग गुणों और समृद्ध पोषण मूल्य के कारण काफी महत्त्वपूर्ण हो सकती है।

क्रिप्टो-एक्सचेंज ‘बाइनेंस’ पर प्रतिबंध

दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी और उनके विकेंद्रीकृत एक्सचेंजों पर बढ़ती कार्रवाई के बीच यूनाइटेड किंगडम ने दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो-एक्सचेंज ‘बाइनेंस’ को प्रतिबंधित कर दिया है। ‘बाइनेंस’ ट्रेडिंग वॉल्यूम के लिहाज़ से दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज है और वह जल्द ही ब्रिटेन में अपना स्वयं का डिजिटल एसेट मार्केटप्लेस लॉन्च करने की योजना बना रहा था। यूनाइटेड किंगडम क्रिप्टो उद्योग पर कठोर नीति अपनाने वाला एकमात्र देश नहीं है। बीते दिनों जापान की वित्तीय सेवा एजेंसी ने भी चेतावनी दी थी कि ‘बाइनेंस’ देश में उसकी अनुमति के बिना काम कर रहा है। इस बीच चीन ने क्रिप्टोकरेंसी में हेर-फेर के प्रयासों को कम करने हेतु कई क्षेत्रों में क्रिप्टो माइनिंग का परिचालन बंद करने का आदेश दिया है, साथ ही चीन ने अपने बैंकों और भुगतान फर्मों से क्रिप्टो-संबंधित सेवाओं की पेशकश नहीं करने का आग्रह किया है। इस प्रकार की वित्तीय कार्यवाही का प्रभाव क्रिप्टोकरेंसी पर भी देखने को मिल रहा है और बिटकॉइन के मूल्य में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जो कि इस वर्ष अप्रैल माह में अपने सबसे उच्चतम स्तर (65,000 डॉलर) पर पहुँच गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-june-2021